5भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3152

जिसका उत्तर 06.08.2026 को दिया जाना है

चौसा से वाराणसी तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण

3152. श्री सुधाकर सिंह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार के बक्सर जिले के चौसा से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक चार-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के संबंध में कोई सर्वेक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन अथवा परीक्षण कराया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या चौसा-वाराणसी मार्ग धार्मिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक तथा परिवहन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है;

(ग) क्या वर्तमान सड़क यातायात के बढ़ते दबाव को झेलने में असमर्थ है, जिसके परिणामस्वरूप बार-बार यातायात जाम, सड़क दुर्घटना तथा यात्रा में अधिक समय लगने की स्थिति बन जाती है;

(घ) क्या उक्त परियोजना के संबंध में कोई सर्वेक्षण अथवा प्रस्ताव दिया गया है, यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति, अनुमानित लागत, भूमि अधिग्रहण में हुई प्रगति तथा परियोजना को पूर्ण करने के लिए निर्धारित लक्षित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार बिहार एवं उत्तर प्रदेश के मध्य संपर्क, व्यापार तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चौसा-वाराणसी चार-लेन मार्ग को प्राथमिकता प्रदान कर निकट भविष्य में उक्त परियोजना को स्वीकृति देने का है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के चौड़ीकरण/विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/प्रस्ताव प्राप्त /शुरू/ तैयार करती रहती है। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश संबंधी निर्णय डीपीआर के परिणाम, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात सघनता, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान आदि के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है। वाराणसी से चौसा तक के खंड के संबंध में, वाराणसी से गाजीपुर तक के खंड को पहले ही 4 लेन का बनाया जा चुका है और गाजीपुर से चौसा (बक्सर) तक के शेष खंड के चौड़ीकरण के लिए डीपीआर का कार्य शुरू किया जाएगा।

*****